


# हनुमान मंदिरों में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, भंडारों में जुटे सैकड़ों लोग

## ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर शहर में उत्सव सरीखा रहा माहौल, हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का श्रद्धालुओं ने किया पाठ

आस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर शहर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा था। जिले भर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भंडारे आयोजित कर लोगों को प्रसाद वितरित किया।

धनोखर स्थित हनुमान मंदिर में सुबह हनुमानजी की मंगला आरती की गई। हनुमान मंदिरों में देर शाम तक प्रसाद चढ़ाने वालों की लंबी कतार लगी रही। कैलाश आश्रम, ब्रह्मचारी मंदिर, विजई हनुमान मंदिर समेत सभी मंदिरों में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर की। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाये गए भंडारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सफेदाबाद में लगे भंडारे में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। असेनी से लेकर पटेल तिराहा, नाका चौराहे से पल्हरी तक भंडारों की कतार थी, तो देवा रोड व हैदरगढ़ रोड पर कई भंडारे लगे थे। सिविल लाइंस में इलेक्ट्रानिक मीडिया जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का भंडारा सुबह साढ़े 11 बजे से शुरू हुआ।

भंडारे का शुभारंभ राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किया। जो देर शाम करीब सात बजे तक लगातार चलता रहा। इलेक्ट्रानिक मीडिया जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के भंडारे में अपर जिला जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एसडीएम आनंद तिवारी, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, सदर विधायक सुरेश यादव, चैयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, सीओ आलोक पाठक, सीओ सौरभ श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, सहायक आयुक्त खाद्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, डीएसओ राकेश त्रिपाठी, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, बीएसए संतोष कुमार देव पाण्डेय, बीईओ चंद्रशेखर यादव, भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी, विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खां, डॉ. विवेक वर्मा, शशांक कुशमेश, पंकज गुप्ता पंकी, नवीन राठौर, राकेश वर्मा कर्रा, वसीम राईन, प्रदीप जैन, राजेश अरोड़ा बब्बू, बब्बी गुप्ता, सभासद ताज बाबा राईन, एडवोकेट अनूप यादव, दयाशंकर श्रीवास्तव और शिक्षक नेता सुनील सिंह व अभिषेक सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही तहसील गेट, जिला पंचायत, पटेल तिराहा, नगर कोतवाली, लखपेड़ाबाग, पीरबटावन और सतरिख नाका समेत शहरभर में कई जगहों पर भंडारे का आयोजन हुआ। रामश्रम रोजकमल पर भी श्रीवास्तव परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया।

वहीं चौथे बड़े मंगल पर ग्रामीण अंचलों में भी भंडारों की धूम रही। रामनगर, मसौली, रामसनेहीघाट, सिरौलीगौसपुर, हैगरगढ़, कुर्सी और फतेहपुर समेत अन्य क्षेत्रों में भी भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। बदोसरांय कस्बे में मुख्य चौराहे पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हैदरगढ़ में विकास खंड मुख्यालय पर स्थित शिव मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के आयोजन के बाद आयोजित कन्या भोज व भंडारे का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी, राम सागर मौर्य ने पूरी सब्जी का वितरण कर किया। हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया।


इलेक्ट्रानिक मीडिया जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार


जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते डीएम व एसपी।


रामाश्रम राजकमल पर श्रीवास्तव परिवार द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में विभिन्न स्थानों से दो किशोरियां लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से संदिग्ध परिस्थितियों में में दो किशोरियां लापता हो गयीं। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना दरियाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीया पुत्री गत 31 मई की सुबह करीब 4 बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। उधर, थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्ष की पुत्री गत 30 मई की से लापता है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरों ने उड़ाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के जसन्वत नगर ककरहिया में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। सत्यदेव शुक्ला ने अपनी बाइक 31 मई की रात करीब 11 बजे अपने घर के दरवाजे पर खड़ी की थी। 1 जून की सुबह लगभग 5 बजे उठे, तो बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चोर रात लगभग 2 :30 बजे बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खलिहान की भूमि पर कर लिया अवैध निर्माण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील रामसनेहीघाट अंतर्गत एक गांव में खलिहान की जमीन पर दबंग ने नौ फिट ऊंची दीवार बना डाली। पूर्व में कार्रवाई के बाद अब लेखपाल की तहरीर पर एक और रिपोर्ट आरोपी के खिलाफ दर्ज की गई है। लेखपाल संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पूरे पहलवान मजरे धारूपुर में खलिहान के रूप में दर्ज भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है। धारूपुर निवासी रामेश्वर पुत्र छोटेलाल गुप्ता ने खलिहान भूमि के 0 .0098 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर लगभग 9 फीट ऊंची दीवार का अवैध निर्माण कर लिया है।

# श्रमिकों पर गिरा सरिया का बंडल, एक की मौत

## जमुरिया पुल निर्माण के दौरान जाल बांधते समय हुई घटना, एक मजदूर घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

दुर्घटना

▸▸ हादसे में मृत और घायल मजदूर सीतापुर के निवासी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पटेल तिराहे के निकट नए जमुरिया पुल निर्माण के दौरान जाल बांधते समय सरिया का बंडल दो मजदूरों पर गिर गया। बचाव कार्य होने तक बंडल के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद हड़कंप मच गया, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके से जिला अस्पताल पहुंचे।

बताते चलें कि नेशनल हाईवे 28 पर पटेल तिराहे के निकट अंग्रेजों के जमाने का बना पुल ढहाकर नए पुल का निर्माण शुरू किया गया है। निर्माण कार्य चल ही रहा था, इसी बीच मंगलवार की शाम सरिया का जाल बांधा जाने लगा, इस कार्य में बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूर जुटाए गए थे। अचानक जाल बांधने के दौरान सरिया का बंडल नीचे जा गिरा। अन्य मजदूरों ने शोर मचाया लेकिन दो श्रमिक उसके नीचे दब गए। अन्य मजदूरों व राहगीरों ने सरिया का बंडल हटाया। जब तक दोनों मजदूरों को निकाला जाता तब तक नीचे दबे रमेश (36) पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम व थाना मछेहटा जिला सीतापुर की मौत हो गई, वहीं एक अन्य मजदूर बदलू निवासी वजीरगनर थाना रामपुर जिला सीतापुर को जिला अस्पताल भेजा गया। घायल मजदूरों को निकालने में कई साथी मजदूरों को भी चोटें आईं। घटना की खबर मिलते ही एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी दल बल के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी कोतवाली रामकिशन राना ने घायल मजदूर का बयान दर्ज किया।


दबे मजदूरों के ऊपर से सरिया का बंडल हटाते लोग। अमृत विचार


मजदूर को अस्पताल ले जाते लोग।

### निर्माण स्थल पर बरती जा रही लापरवाही

कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से मुख्य मार्ग से करीब बीस फिट गहराई में काम कराया जा रहा। वहीं काम के दौरान निगरानी में कोताही की जा रही। मजदूरों को ही राजगीर बनाकर रखा गया है। मंगलवार को हुई घटना के बाद मजदूर दहशत में आ गए हैं। वह दबी जुबान में कमियों की ओर इशारा करते रहे।

## सार-संक्षेप

### हैदरगढ़ में 6 ट्रेनों का होगा प्रायोगिक ठहराव

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे ने लखनऊ मंडल के हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर छह एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव की मंजूरी दी है। इनमें बेगमपुरा एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस और हिमगिरी एक्सप्रेस शामिल हैं। उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नर सिंह ने इंटक के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार पासी की मांगों पर यह निर्णय लिया है। यदि आर्थिक दृष्टि से ठहराव सफल रहता है, तो इन ट्रेनों का स्थायी स्टॉपेज दिया जा सकता है। 26 मई को डिप्टी सीसीएम बसंत कुमार ने डिप्टी सीओएम कोचिंग को पत्र भेजकर इन ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव की संस्तुति की। साथ ही, पीसीओएम ने लखनऊ और अंबाला मंडल के वरिष्ठ डीओएम से चंडीगढ़ सद्भावना एक्सप्रेस को नंगल डैम रेलवे स्टेशन से शुरू करने के लिए रिपोर्ट मांगी है। ईश्वर कुमार पासी लंबे समय से क्षेत्रीय जनता और यात्रियों की इस मांग को लेकर प्रयासरत थे। उन्होंने रेलवे अधिकारियों के इस निर्णय पर खुशी जताई है।

### देवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उम्मीद परामर्श केंद्र शुरू


देवा पीएचसी में मौजूद अधीक्षक। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** परिवार नियोजन सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक नया कदम उठाया गया है। मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक का दूसरा उम्मीद परामर्श केंद्र शुरू किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गोंड ने केंद्र का उद्घाटन किया। यह परियोजना स्वास्थ्य विभाग, मोबियस फाउंडेशन और पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से चलाई जा रही है। केंद्र में एक प्रशिक्षित काउंसलर योग्य दंपतियों को नियमित परामर्श सेवाएं प्रदान करेंगे। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कंसलटेंट जुबैर अंसारी ने बताया कि परियोजना उम्मीद प्रदेश के आठ उच्च प्रजनन दर वाले जिलों में चल रही है। कार्यक्रम में डॉ. निषाद, डॉ. जावेद, फार्मासिस्ट शिवप्रसाद गुप्ता, निश्चल सिंह, स्टाफ नर्स शिल्पी यादव, बीएचडब्ल्यूए स्टाफ और पापुलेशन फाउंडेशन से जुबैर अंसारी व मनका सिंह सहित पूरा पीएचसी स्टाफ मौजूद था।

### इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण का लोकार्पण


इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करते ब्लॉक प्रमुख। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** दौड़िहारा में रामकुमार के घर से शरीफ की दुकान तक इंटरलॉकिंग सड़क और नाली का निर्माण का ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब और किसान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि हर पंचायत में स्वच्छता, सुगम यातायात और टिकाऊ विकास के लिए ऐसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। कार्यक्रम में रामनाथ प्रधान, कमलेश बीडीसी, अल्ताफ प्रधान और रामू यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख विकासखंड देवा के ग्राम पंचायत रसूलपुर किदवई स्थित गौशाला पहुंचे। वहां उन्होंने गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया। गौशाला में आयोजित भंडारे में भी उन्होंने हिस्सा लिया।

# हादसों में तीन की मौत, पांच घायल




कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बीते 24 घंटों के भीतर जिले भर में हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोंडा के करनैलगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कमियार गांव निवासी चन्द्र पाल रावत (44) रायबरेली में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। मंगलवार की भोर करीब तीन बजे वह जैदपुर थाना क्षेत्र के हरख चौराहा के पास वाहन से उतरा ही था कि एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद घरवालों में कोहराम मच गया।

हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में असंद्रा गांव निवासी सुनील उर्फ फूलचंद कश्यप (25) अपने भाई रोहित और साले दशरथ के साथ रिश्तेदार की बारात में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। मोती सिंह पुरवा के पास नयेपुरा घाट पुल पर सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में आईटीआई के पास मंगलवार दोपहर साइकिल सवार राजिंदर (56) निवासी कादिरपुर और बाइक सवार जैनुल निवासी मंझलेपुर के बीच टक्कर हो गई। दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से राजिंदर को लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान राजिंदर की मौत हो गई।

सतरिख थाना अंतर्गत हैदरगढ़-बाराबंकी राजमार्ग पर सोमवार देर रात मंजीठा चौराहे के पास स्कार्पियो और डंपर की टक्कर हो गई। स्कार्पियो चालक श्याम सिंह निवासी डेहवा दारापुर और यात्री सतीश निवासी शिवसीपुर इटौंजा, लखनऊ घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा के मोहल्ला पचघरा निवासी विजेन्द्र कुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से बस स्टॉप जा रहे थे। सोमवार रात करीब 9:30 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। विजेन्द्र कुमार को सीएचसी फतेहपुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन 108 एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। डेढ़ घंटे तक घायल युवक स्टेचर पर तड़पता रहा। परिजनों के आक्रोश के बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

# नहर के किनारे जा रहे अधेड़ पर घड़ियाल ने किया हमला

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा वन रेंज क्षेत्र में शारदा नहर पर बने पोखन्नी पुल के समीप एक घड़ियाल दिखाई देने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर किनारे गए एक अधेड़ पर घड़ियाल ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को नहर किनारे से जा रहे इम्तियाज अहमद पुत्र मुन्ना पर घड़ियाल ने अचानक हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग सक्रिय हो गया। देवा के वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति की देखभाल के लिए वन विभाग की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वन क्षेत्राधिकारी ने यह भी बताया कि संबंधित घड़ियाल को मानव बस्ती से दूर हटाने और उसे सुरक्षित रूप से रेस्क्यू करने के प्रयास तेज़ी से किए जा रहे हैं। वन विभाग की विशेष टीम मौके पर तैनात है।

# सर्राफ से 11 लाख की धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सफदरगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सफदरगंज थाना क्षेत्र के महमूदाबाद गांव स्थित एक सराफ से एक व्यक्ति ने 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम शहरी निवासी श्रीकृष्ण उर्फ किशन सोनी ने आरोपी विनय कुमार पुत्र रामचन्दर वर्मा निवासी ग्राम तेतारपुर थाना बदोसरांय पर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार आरोपी विनय कुमार विभिन्न बैंकों में कार्य करवाने के नाम पर उसकी दुकान पर आता-जाता रहा और उसे विश्वास में लेकर धीरे-धीरे 150 ग्राम सोने के आभूषण और करीब दो लाख रुपये नकद ले लिये। जब पीड़ित ने अपना धन वापस मांगा, तो आरोपी ने अलग-अलग नामों से चेक दिए, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए। इसके बावजूद आरोपी ने पैसा लौटाने से इनकार करते हुए लगातार टालमटोल की। 10 नवम्बर 2024 को जब श्रीकृष्ण ने अपनी दुकान पर बुलाकर विनय कुमार से पैसा मांगा, तो आरोपी ने उसे दुकान के भीतर धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद थाना बदोसरांय और थाना सफदरगंज में की गई शिकायतों के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़ित को बाद में एक और चेक 11 लाख की दी गई, लेकिन वह भी अमान्य निकली क्योंकि संबंधित बैंक खाता 2020 में ही बंद हो चुका था। पीड़ित सराफ श्रीकृष्ण ने काफी दौड़भाग की तब जाकर एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# दबंगों ने दंपति को पीटा, दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात दबंगों ने पति-पत्नी को पीटकर गंभीर रूप से घायल घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला हेतमपुर का है। पीड़ित के पिता ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि सोमवार की रात विपक्षी रामप्रवेश व उनके पुत्र गाली गलौज करते हुए घर पर उसके पुत्र मुकेश को पीटने लगे। रामप्रवेश ने मुकेश के सिर पर ईंट से वार कर दिया जिससे मुकेश का सिर फट गया। उसे बचाने दौड़ी उसकी पत्नी रिशा को भी पीटा। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक अभय मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

**एसओ पर लगाया अभद्रता के आरोप :** भाजपा कार्यकर्ता ने जहांगीराबाद थाना प्रभारी पर अभद्रता व थाने से भगाने का आरोप लगाया है। भयारा निवासी भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश कुमार ने बताया कि हेतमपुर में हुई मारपीट मामले में घायलों के साथ वह थाने पहुंचे थे। आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित पक्ष की बात सुनने के बाद उन्हें धक्का देकर थाने से बाहर निकल जाने को कहा। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार मौर्य ने बताया कि प्रवेश कुमार पीड़ित पक्ष के साथ आए थे, उनसे अभद्रता नहीं की गई। यह आरोप गलत है।

# घने बादलों के कारण मौसम खुशनुमा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को मौसम आम जनजीवन के लिए राहत भरा रहा। सुबह से ही आसमान पर बादलों की चादर छाई रही, जिसने तीखी धूप को धरती तक पहुंचने ही नहीं दिया। पूरे दिन सूरज के न निकलने से गर्मी का प्रकोप कम रहा। वहीं बड़ा मंगल पर भंडारे के आयोजकों व राहगीरों की खुशी देखते ही बनी।

मंगलवार को तापमान औसतन 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहा, जो भीषण गर्मी वाले मौसम के लिहाज से बेहद राहत भरा माना जा रहा है। मौसम की इस मेहरबानी का सबसे अधिक लाभ चौथा बड़ा मंगल के अवसर पर भंडारे लगाने वाले आयोजकों और राहगीरों को मिला। बिना लू और तेज़ धूप के, भंडारों में आए श्रद्धालुओं ने आराम से प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों को भी व्यवस्था संभालने में बड़ी आसानी हुई। राहगीरों और दुकानदारों के चेहरों पर भी राहत और सुकून साफ झलक रहा था।

गर्मी से जूझ रहे आमजन ने इस खुशनुमा मौसम का भरपूर आनंद लिया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पिछले कई दिनों की तेज गर्मी के बाद यह मौसम एक सुकून देने वाली राहत बनकर आया है।


आसमान में छाये काले घने बादल। अमृत विचार

# घरेलू कलह से तंग महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** आए दिन पति की कलह से परेशान महिला ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम डडियामऊ निवासी दीपक सिंह की 32 वर्षीया पत्नी प्रियंका सिंह ने घर के एक कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे से लटकती मां को देखकर उसकी बेटियां 6 वर्षीया गौरी एवं 3 वर्षीया बेबी रोते हुए चिल्लाने लगीं। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद गोंडा के कटरा बाजार से आये मृतका के पिता प्रताप नारायण सिंह एव मां सुशीला सिंह ने बताया कि 7 वर्ष पूर्व प्रियंका की शादी हुई थी जिनसे दो पुत्रियां हैं। कलह के चलते पति पत्नी के बींच आये दिन विवाद होता रहता था। घटना के भी दिन पति पत्नी के बींच विवाद हुआ था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# तेज बुखार से एक ही गांव के 3 लोगों की मौत

## ग्राम पंचायत हमीरपुर का मामला, एक ही रात में अलग-अलग घरों में बालक, छात्र व वृद्ध की गई जान

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** जनपद के विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हमीरपुर में तेज बुखार आने के बाद बालक, छात्र और बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। परिवार के लोगों का कहना है कि तेज बुखार के बाद हालत बिगड़ गई, फिर रात में मौत हो गई। हाईवे के करीब स्थित ब्लॉक क्षेत्र कसमण्डा में संक्रमण तेजी से पाव पसार रहा है। ग्राम पंचायत हमीरपुर में बीए प्रथम वर्ष के छात्र 19 वर्षीय अमरेंद्र को तेज बुखार आ गया। पिता कन्हई की मानें तो रात में आए बुखार पुत्र को दवा दी लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। जब तक अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गई। इसी गांव के मजरे कुसमौरा का 12 वर्षीय राहुल भी तेज बुखार और शरीर के दर्द से पीड़ित था। पिता मस्तराम का कहना है कि एक दिन


अमरेंद्र।


कमला।

पहले आए तेज बुखार के बाद उन्होंने कस्बे से जाकर दवा भी दिलाई थी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। देर रात घर पर ही उसने दम तोड़ दिया। संक्रमण की चपेट में इसी गांव की 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग महिला कमला भी आ गई। परिजनों के मुताबिक, तेज बुखार आने के बाद इन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि कुछ तबियत पहले भी खराब रहती थी, लेकिन अचानक तेज बुखार के बाद हालत बिगड़ गई, जिससे इनकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विद्याधर पाण्डेय का कहना है कि ग्राम पंचायत हमीरपुर में एक ही रात में तीन परिवारों में तेज बुखार आने के बाद तीन लोगों की जान चली गई है। मामले की सूचना एसडीएम सिधौली राखी वर्मा और विकास खण्ड कसमण्डा के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उधर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश वर्मा का कहना है कि सूचना मिली है, सीएचसी प्रभारी डॉ. वर्मा को बताया जा चुका है, गांव में टीम भेजी जा रही है। कारणों की जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

### गांव में नहीं लग रहे कैंप

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव आरपी सिंह चौहान का कहना है कि विकास खण्ड क्षेत्र ही नहीं बाढ़ – कटान और अन्य इलाकों में तेजी से संक्रमण बढ़ा है। समुचित उपचार के साधनों की कमी है। चिकित्सकों की संख्या भी कम है। नियमित शिविरों का आयोजन किया जाना आवश्यक है।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कार्रवाई**
- ठेलिया हटाने को लेकर हुआ था विवाद
- पुलिस ने तलबीपुर के पास दोनों आरोपियों को दबोचा

**सीतापुर, अमृत विचार :** तालगांव थाना क्षेत्र में ठेलिया हटाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी पिता–पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। तालगांव थाना क्षेत्र के बांकरनगर गांव में ठेलिया हटाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान हुई मारपीट में उमेश (पुत्र परशुराम) गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में पिता–पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 24 मई की है।बांकरनगर में रास्ते में खड़ी एक ठेलिया को हटाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया था। इसी दौरान उमेश को गंभीर चोटें आईं। परिजन आनन–फानन में उसे लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गोपी उर्फ मनोज कुमार और उसके बेटे सुजीत कुमार, दोनों निवासी बांकरनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बीएनएस के तहत केस दर्ज किया था। छानबीन और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को मंगलवार को तलबीपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## एक नजर

### लहरपुर में हनुमान चालीसा का आयोजन

**लहरपुर, अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ व अखंड रामायण का पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार सुबह से ही क्षेत्र के हनुमत निवास मंदिर, बजरंगा मंदिर, अंबरसराय स्थित प्राचीन महावीरन मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, छन्नूलाल द्वारका प्रसाद हनुमान मंदिर, भोलिया बाबा हनुमान मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर के साथ – साथ ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में एवं श्रद्धालुओं के द्वारा अपने–अपने घरों पर व्रत रखकर बजरंगबली की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। केसरीगंज सहित अन्य स्थानों पर जगह–जगह प्रसाद व शरबत का वितरण किया गया।

### अवैध असलहा रखने में आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अमर शुक्ला पुत्र जगदम्बा शुक्ला निवासी ग्राम हबीबपुर थाना रामकोट को कैंची पुल के पास झाड़ियों के किनारे से पकड़ा। आरोपी के पास से 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा 1 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। इस संबंध में कोतवाली नगर में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है।

### पांच अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में गंभीर अपराधों में लिप्त वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने 5 वांछित/वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना सदरपुर पुलिस की कार्रवाई में बाना सिंह निवासी ग्राम धरमपुर को गिरफ्तार किया। इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने मूलचन्द्र, थाना रामपुरकलां पुलिस ने अमरीश पुत्र मालती और सुशील पुत्र रामनरेश ने गिरफ्तार किया। थाना थानगांव पुलिस शोएब की गिरफ्तारी की।

### हत्या के दो अभियुक्तों को मिली सजा

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की ओर से अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना खैराबाद पर विवेचना एवं प्रभावी अभियोजन के फलस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी), न्यू कोर्ट द्वारा मुकदमे में दोष सिद्ध दो आरोपियों को कठोर दंड सुनाया गया है। दोषसिद्ध अभियुक्तगणों में हरिराम पुत्र चतुरदीन, छोटकन्ने पुत्र चतुरदीन निवासीगण कर्बलापुरवा, थाना खैराबाद शामिल हैं। प्रत्येक अभियुक्त को 5 वर्ष का कठोर कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सजा एक पुराने हत्या के मामले में सुनाई गई है, जिसमें अभियुक्तगण ने एक विवाद के दौरान गंभीर चोटें पहुंचाकर व्यक्ति की जान ले ली थी।

### दहेज हत्या के आरोपी को 7 वर्ष का कठोर कारावास

**सीतापुर, अमृत विचार :** थाना हरगांव की पुलिस टीम ने एक दहेज हत्या के मामले में गुणवत्तापूर्ण विवेचना और प्रभावी अभियोजन के जरिए आरोपी को न्यायालय से सजा दिलवाने में सफलता प्राप्त की। थाना हरगांव के अभियुक्त अमनजीत सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी मोहल्ला हरगांव गंज, थाना हरगांव को धारा 498ए / 304बी भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत धारा 3/ 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 7 वर्ष का कठोर कारावास और 7 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

## भण्डारे में शामिल हुए सिविल जज

**बिसवां, अमृत विचार :** बिसवां तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर मंगलवार को बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेयी व सचिव सत्य प्रकाश सिंह के संयोजन में भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी, एसडीएम मनीष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी और नायब तहसीलदार विनोद शर्मा ने भाग लिया। मौके पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी वर्मा, बृजेश नारायण गुप्ता, मन्नालाल बाजपेई, सुरेश चंद्र मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## हादसे में लखीमपुर के परियोजना अधिकारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**दुर्घटना**
- सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर काली माता मंदिर के करीब हुआ हादसा, एक लोग गंभीर

**अमृत विचार :** सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर हरगांव इलाके में अनियंत्रित होकर कार पलटने से सवार लखीमपुर के परियोजना अधिकारी की मौत हो गई। बताते हैं कि हादसे की खबर से क्षुब्ध होकर पत्नी ने भी आत्महत्या किये जाने का प्रयास किया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में दोनों जनपदों के प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

लखीमपुर खीरी में तैनात परियोजना अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह मंगलवार सुबह कार से लखीमपुर जा रहे थे। बताते हैं कि उनके साथ सहयोगी नीतीश कुमार भी थे। सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर कार सवार परियोजना अधिकारी हरगांव थानाक्षेत्र के काली माता मंदिर के नजदीक पहुंचकर अनियंत्रित हो गई। पलक झपकते ही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार परियोजना अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह और उनके सहयोगी बुरी तरह से घायल हो गए। आनन-फानन में राहगीरों की मदद से दोनों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया।

इसी दौरान हरगांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव ले जाया गया। बिगड़ती हालत देख चिकित्सकों ने दोनों को पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी स्थित ओयल अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही डॉ. अजय कुमार सिंह ने दम तोड़ दिया। नीतीश कुमार की हालत गंभीर है। उनका इलाज ओयल स्थित अस्पताल में हो रहा है।

### मौत की खबर के बाद पत्नी ने किया आत्महत्या का प्रयास

डॉ. अजय कुमार सिंह की मृत्यु की खबर मिलते ही पत्नी रेनू और पुत्र आयुष्मान लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना स्थित रेलवे ट्रैक की ओर दौड़ पड़े। बताते हैं कि राहगीरों ने किसी तरह दोनों को पकड़कर स्थितियों को सामान्य कराया।

## भक्तों ने जगह-जगह लगाए भंडारे

**अमृत विचार टीम, सीतापुर :** ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमत भक्तों द्वारा भंडारे आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नैमिषारण्य में साधु–संतों ने मिलकर पूजन–अर्चन भी किया। नैमिषारण्य में विराजमान दक्षिणमुखी हनुमान जी महराज का भव्य श्रृंगार आरती पूजन महंत बजरंग दास व पवन दास द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल द्वारा किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं और साधु – संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम मछरेहटा में सेवानिवृत स्वास्थ्य कर्मी रमेश गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश कुमार, वासुदेव, अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


नैमिषारण्य में पूजन के दौरान पूर्व सांसद राजेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व अन्य।


बिसवां में आयोजित भण्डारे के दौरान प्रसाद वितरित करते उपजिलाधिकारी।

## पेट्रोल पंप चलाने के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** पेट्रोल पंप लाइसेंस बनने के बाद उसे चलवाने के नाम पर एक महिला ने सीतापुर के भाजपा नेता, उनकी पत्नी और पुत्रों के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार निवासिनी सुलक्षणा मिश्रा पत्नी सुधीर मिश्रा ने जानकीपुरम थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी सहित अन्य आरोप लगाते हुए भाजपा नेता रामनारायण त्रिवेदी, इनकी पत्नी सुनैना, पुत्र अभिषेक और आशीष पर अपराध संख्या 0108 अन्तर्गत बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) और 351(2) के तहत केस दर्ज कराया है। आरोप है कि सुलक्षणा के पति सुधीर मिश्रा सीतापुर के अढ़ावल खुर्द पोस्ट मजलिसपुर हाल पता विजय लक्ष्मी नगर निवासी रामनारायण त्रिवेदी से मिलने आते थे। रामनारायण ने उनके पति सुधीर मिश्रा से कहा कि वर्ष 2018 में उनका पेट्रोल पंप का लाइसेंस हो गया है लेकिन धन के अभाव में संचालन नहीं हो सका। अगर पैसा लगा दें, तो 50 फीसद की भागीदारी सुरक्षणा के नाम कर दी जाएगी। इसको लेकर फर्म साझीदार बनाने के लिए संयुक्त खाता खुलवाया। फिर सुलक्षणा मिश्रा के पति सुधीर मिश्रा ने ऋण लेकर दस लाख, चार लाख तीस हजार दिया। दावा है कि एक लाख बीस हजार चेक के माध्यम से और 50 हजार का सामान भी पेट्रोल पंप के नाम पर खरीदकर दिया। इसके बावजूद भी अन्य माध्यमों से पैसे दिये गए। इन सबके बाद भी पेट्रोल पंप का संचालन नहीं कराया गया। घालमेल की शंका पर जब पैसे और लाभांश मांगा तो विपक्षियों ने पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी देनी शुरू कर दी थी।

## गोलमाल : जांच के रडार पर आए 25 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**कसता शिकंजा**
- शिक्षा विभाग का लोगो लगाए जाने का अनुरोध
- पत्रावलियों में स्थितियां अस्पष्ट होने से रोका गया वेतन
- शिक्षा विभाग में छह माह के भीतर 16 शिक्षक हो चुके हैं बर्खास्त

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की जांच टीम के रडार पर 25 शिक्षक आ चुके हैं। इनकी पत्रावलियां अस्पष्ट हैं, ऐसे में विभाग की ओर से इनका वेतन रोक दिया गया है। इससे पहले 16 शिक्षकों को विभाग पहले ही बर्खास्त कर चुका है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह बताते हैं कि 16 शिक्षकों की बर्खास्तगी के बाद विभाग की ओर से एक टीम गठित की गई है, जो लगातार शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्र और अन्य पत्रावलियों की जांच कर रही है। पारदर्शिता के साथ हो रही जांच के बीच 25 शिक्षक मिले हैं, जिनके साक्ष्यों में कुछ अस्पष्टता प्रतीत हो रही है। ऐसे में उन्हीं 25 शिक्षकों को चिन्हित कर पृष्ठांकित करते हुए फिलहाल उनका वेतन रोक दिया गया है। निष्कर्षों के आधार पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बताया कि पूर्व में 16 शिक्षक बर्खास्त किये जा चुके हैं।

**16 शिक्षकों पर दर्ज हो चुकी है एफआईआर :** वर्ष 2024 में नियुक्ति पाए 16 शिक्षकों पर बेसिक शिक्षा विभाग अभियोग दर्ज करा चुका है। विभाग का दावा था कि नियुक्ति पाए शिक्षकों के प्रमाण पत्रों में अनियमितताएं पायी गई हैं। ऐसे में जनपद में नौकरी कर रहे शिक्षकों को फर्जी मानकर बेसिक शिक्षा विभाग बर्खास्त कर चुका है।

**कार्रवाई के बीच कुछ ने ली हाईकोर्ट की शरण :** बर्खास्त किये जाने वाली कार्रवाई में मनोज सिंह, अभिषेक कुमार, रंजना समेत 16 शिक्षक शामिल हैं। राहुल कुमार प्रा.वि बांसी, अकबर शाह प्रा.वि फखरपुर, प्रदीप कुमार यादव प्रा.वि ईश्वरवाराय और प्रमोद कुमोर प्रा.वि अमावां में शिक्षक थे। वहीं विनोद कुमार बिसवां के बन्नीराय प्रा.वि, मनोज कुमार प्रा.वि बन्नी खरैला, अरविंद कुमार प्रा.वि चौखड़िया, गोपाल सिंह प्रा.वि ततरोई और जीतेंद्र कुमार प्रा.वि ढखिया कला में पढ़ाते थे। जबकि बबलू यादव की नियुक्ति महोली के बगचन प्राथमिक विद्यालय में थी। वहीं रंजना प्रा.वि शाहपुर और अभिषेक कुमार प्रा.वि. जमुनहां में शिक्षक थे। ऐसे में कुछ शिक्षकों ने हाईकोर्ट की शरण ली है।

**विभाग और प्रशासनिक जांच में दिखा अंतर :** शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अतिरिक्त अन्य स्रोतों की जांच दो श्रेणियों में हुई। पहली जांच बेसिक शिक्षा विभाग ने की। जबकि दूसरी जांच प्रशासन की ओर से कराई गई। सूत्रों की मानें तो प्रशासनिक जांच और विभागीय जांच के दौरान कुछ शिक्षकों के हस्ताक्षर सहित अन्य साक्ष्यों में अंतर पाया गया। कुछ ऐसे भी दस्तावेज थे, जो जांचों के बीच विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न कर रहे थे।

### चाचा की हत्या का आरोपी भतीजा गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामकोट पुलिस टीम ने एक हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने बताया कि थाना रामकोट पर धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत नामजद अभियुक्त कुलदीप पुत्र रामआसरे कोरी, निवासी ग्राम दारानगर, जनपद सीतापुर को मधवापुर बाजार नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि 1 जून को ईंट भट्ठे के पास स्थित खेत में मृतक सतपाल पुत्र कल्लू से कहासुनी के बाद उसने डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। हत्या के पश्चात वह डंडा वहीं खेत में फेंककर घर चला गया था। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है। घटना वाले दिन मृतक का शव ग्राम दारानगर के पास ईंट भट्ठे के लिए निकाले जाने वाली मिट्टी के खेत में मिला था, जिसके सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। आरोपी के कब्जे से प्रयुक्त 1 अदद डंडा बरामद हुआ है।

**नई पहल** राजकीय इण्टर कॉलेज की बालिकाओं को मिलेगा जूडो-कराटे का प्रशिक्षण

## आत्मरक्षा के गुर सीखेंगी गांजर की बेटियां

संवाददाता सीतापुर

**शिक्षा विभाग**
- तीन माह तक चलेगी 40 मिनट की क्लास, प्रशिक्षक सिखाएंगे आत्मरक्षा के गुर
- 15 प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी भी तय हो गई है

**अमृत विचार:** गांजर की माटी में शिक्षा के साथ आत्मरक्षा की इबारत लिखी जाएगी। जल्द ही सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियां आत्मरक्षा के वो सारे गुर सीखेंगी, जिसकी जरूरत है। शिक्षा विभाग ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। अतिरिक्त प्रशिक्षण का ये क्लास रोजाना 40 मिनट का रहेगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह बताते हैं कि इस कड़ी में पहले राजकीय इण्टर कॉलेज में पढ़ने वाली बालिकाओं को शामिल किया गया है। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में इसके लिए तीन माह समय निर्धारित हुआ है। विद्यालय के भीतर ही प्रशिक्षक आकर बालिकाओं को 40 मिनट का रोजाना प्रशिक्षण देंगे। जिसमें जूडो- कराटे से लेकर आत्मरक्षा से जुड़ी कई अन्य कलाएं भी शामिल रहेंगी।

**56 विद्यालयों को किया गया चिन्हित :** जनपद के 56 राजकीय विद्यालयों की बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए संबंधित विद्यालयों का चिन्हीकरण किया जा चुका है। 15 प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी भी तय हो गई है। सभी प्रशिक्षक मिलकर विद्यालयों में अतिरिक्त क्लास के रूप में बालिकाओं को स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े गुर सिखाएंगे।

**प्रशिक्षणार्थियों को मिलेगा प्रमाण पत्र :** तीन माह का प्रशिक्षण पाने वाली बालिकाओं को प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरांत प्रमाण पत्र दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि इनमें जो बालिकाएं प्राप्त करने के बाद अच्छा कुछ कर सकती हैं, उन्हें और कक्षाओं के बच्चों को सिखाने का मौका दिया जाएगा। ताकि सुरक्षा की ये श्रंखला आगे बढ़ सके।

## तीन ऑटोलिफ्टर लहरपुर से गिरफ्तार, 9 बाइक बरामद

**संवाददाता लहरपुर, अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी के तीन शातिर ऑटोलिफ्टर लहरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किये। इनके पास से चोरी की गई 9 बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में शातिरों ने स्वीकार किया है कि वे सीतापुर और आसपास जनपदों के भीड़भाड़ वाले स्थानों को टारगेट करते रहे हैं।

लहरपुर सर्किल प्रभारी सुशील कुमार यादव ने बताया कि सटीक मुखबिरी के बाद लहरपुर पुलिस ने इलाके में पोंगलीपुर के नजदी से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान लखीमपुर खीरी के हाजीपुर निवासी जमी अहमद, नीमगांव निवासी जीशान और खीरी के ही हरिदासपुर निवासी जुबैर खां के रूप में हुई। पूछताछ के बाद निशानदेही पर 9 बाइक बरामद हुईं। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई सहित आसपास जनपदों के भीड़-भाड़ वाले स्थानों को टारगेट करते रहे है। बरामद बाइक खीरी और सीतापुर जनपद से चुराई गई हैं। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शातिरों पर पूर्व में भी कई अपराधिक अभियोग पंजीकृत होने की बात सामने आई है, रिकार्ड संकलित कराए जा रहे हैं।



बरामद बाइकों के साथ पकड़ा गया तस्कर

## सार-संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**मिश्रिख (सीतापुर), अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रामबाग मोहल्ले में एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और गाली गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। सीताकुंड निवासी आफताब ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि कस्बे में उसकी बक्से की दुकान है, जिसके पास ही आरोपियों की भी दुकान है। इस कारण दोनों पक्षों में पूर्व से ही विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की दोपहर को बबलू खुर्रा, जाफरान, सीटी, मुजीब सहित कुछ अज्ञात लोग लाठी–डंडों के साथ आफताब के घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब आफताब ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने घर का दरवाजा तोड़कर भी मारपीट की, जिसमें आफताब के परिजन जो बीच–बचाव के लिए आए थे, उन्हें भी चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज नहीं मिला तो दी यातनाएं, केस दर्ज

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** महिला ने अपने पति व सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली बिसवां अंतर्गत ग्राम बिचपरी निवासी सुषमा देवी पुत्री गजराज का आरोप है कि उसने 4 वर्ष पूर्व थाना रामपुर कलां अंतर्गत ग्राम बेनीपुर निवासी शिवम वर्मा पुत्र गोटराम से प्रेम विवाह किया था। शुरुआत में तो ससुरालीजन उसके साथ अच्छा व्यवहार करते रहे थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह मेरे पिता से दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मेरे पिता जब उनकी मांग को पूरा नहीं कर पाए तो मेरे पति मेरी सास कोकिला वर्मा मेरे साथ लगातार गाली गलौज और मारपीट करके मुझे प्रताड़ित करने लगे। ससुराली जनों की प्रताड़ना से पीड़ित होकर वर्तमान समय में वह अपने पिता के घर पर रह रही है। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### साइड मांगने पर रोडवेज चालक और सहयोगी पर हमला

**सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय अफरा–तफरी मच गई जब कैसरबाग डिपो की एक रोडवेज बस के चालक और सहयोगी पर कुछ बाइक सवार युवकों ने हमला कर दिया। साइड मांगने पर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। यात्रियों के विरोध के बाद हमलावर भाग निकले, लेकिन उनमें से एक को यात्रियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।सिधौली कोतवाली इलाके में मंगलवार को यूपी रोडवेज की बस गौरीफंटा से यात्रियों को लेकर लखनऊ जा रही थी। बस में चालक कुलदीप, कंडक्टर सर्वेश चौरसिया और सहयोगी चालक जोगेंद्र मौजूद थे। जैसे ही बस सिधौली कस्बे के पास पहुँची, एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में लापरवाही से वाहन चला रहा था। चालक कुलदीप ने जब उसे साइड लेने को कहा, तो वह नाराज हो गया। कुछ दूरी आगे जाकर युवक ने अपने तीन–चार साथियों को बुला लिया। इन लोगों ने बस को जबरन रुकवाया और चालक कुलदीप व सहयोगी जोगेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान यात्रियों ने शोर मचाया तो हमलावर भाग खड़े हुए। इस बीच मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर निवासी एक युवक को यात्रियों ने दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। घायल जोगेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और फरार हमलावरों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी सिधौली बलवंत शाही का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एक घंटा बारिश से पारा लुढ़का, लोगों में राहत


शहर में होती बारिश के बीच मुख्य मार्ग पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव आया। मंगलवार को सुबह करीब एक घंटा बारिश हुई, ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों का मानना आने वाले दिन में तापमान बढ़ भी सकता है। सुबह बारिश होने से पहले बादल छा गए, तेज हवाएं भी चली। इसी के बाद बारिश हुई। शहरी क्षेत्र के अलावा खैराबाद, रामकोट, तालगांव सहित अन्य इलाकों में बारिश हुई। चली हवाओं के साथ तापमान में गिरावट आई, 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी आ सकती है। उधर, तापमान में आई गिरावट के बीच बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों के किसान राहत भरे प्रयासों के साथ खेतों में कार्य करते हुए देखे गए।

### तैयारियां हुईं शुरू, ईद-उल-अजहा 7 को

**संवाददाता सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** इस्लामिक माह जिलहिज्जा बकरा ईद की तैयारियां जोरो पर हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग इस त्यौहार में इस्लामिक पैगंबर हजरत इब्राहीम की सुन्नत पर अमल करते हुए ईद उल अजहा (बकरीद) की 10,11,12 तारीख को कुर्बानी करते हैं। जमीयत उलमा ए हिंद के पूर्व जनरल सेक्रेटरी मौलाना हाजी मोहम्मद सलीम नदवी ने बताया की इस्लामिक पैगंबर हजरत इब्राहीम अ. स. ख्वाब में देखते हैं कि अल्लाह ताला हुकुम देता है कि मेरी राह में अपनी खास चीज कुर्बान करो, सुबह होते ही हजरत इब्राहीम ने कुछ ऊंटों को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दिया। दूसरी रात आई फिर वही ख्वाब में कहा गया कि अपनी सबसे ज्यादा अजीज (विशेष) चीज कुर्बान करो, तब हजरत इब्राहीम ने अपने इकलौते बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बान करने के लिए ले गए और जैसे ही इस्माइल की गर्दन पर इब्राहीम ने छुरी चलाई तो अल्लाह ने अपनी कुदरत से छुरी के नीचे एक दुंबा भेज दिया और अल्लाह ने इब्राहीम की कुर्बानी कबूल कर ली। उसी रोज से मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इब्राहीम की सुन्नत पर अमल करते चले आए हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसी कोई भी हरकत न करें जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े, हमारे देश में होने वाले सभी त्यौहार भाई चारा बनाने के लिए हैं। सोशल मीडिया के जरिए कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचें और अपने त्यौहारों को मोहब्बत और अमन के साथ मनाया जाएं।

### महिला बंदियों व कुष्ठ आश्रमवासियों को वस्त्र वितरण



कार्यक्रम के दौरान कारागार में उपस्थित जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में जिला कारागार सीतापुर में महिला बंदियों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम एवं वार्षिक निरीक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मां ललिता देवी मंदिर, नैमिषारण्य की प्रबंध समिति के सहयोग से एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर ओपी सिंह, एनवीआरओ की वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. पूनम सिंह व आईआईटी मंडी के छात्र स्वास्तिक वर्मा व अनिका सिंह के सहभाग से सम्पन्न हुआ। महिला बंदियों को वस्त्र वितरित किए गए। उनके साथ रह रहे बच्चों को रंग भरने की सामग्री (क्रेयॉन्स आदि) प्रदान की गई। न्यायाधीश महोदय ने बंदियों को यह संदेश दिया कि जेल में रहकर सुधार और सीखने का यह सर्वोत्तम अवसर है। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, किशोर बैरक, अस्पताल, पाकशाला, एवं जेल लीगल एड क्लिनिक का गहन निरीक्षण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार सिंह, जेलर अरविंद श्रीवास्तव व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में कुष्ठ आश्रम, खैराबाद में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज भगीरथ वर्मा एवं अपर जिला जज/सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। जर्जर मकानों की स्थिति का संज्ञान लेकर उपस्थित नायब तहसीलदार को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

### सत्य व धर्म की स्थापना के लिए हुआ परीक्षित का जन्म

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** लच्छन नगर में शिव मंदिर में भगवान शिव परिवार की स्थापना के लिए चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वैदिक मंडल के आचार्यों के द्वारा मंत्रोच्चार करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित सूरज त्रिवेदी ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए राजा परीक्षित जन्म की कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सत्य व धर्म की स्थापना के लिए राजा परीक्षित का जन्म हुआ था। कलयुग के प्रभाव के चलते उन्होंने एक मृत सांप को ऋषि के गले में डाल दिया। जिससे ऋषि ने क्रोधित होकर उन्हें तक्षक नाग द्वारा डसने का श्राप दिया। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

# भक्ति के माहौल में भक्तों ने लगाए जगह-जगह भंडारे, हुए भजन कीर्तन


प्रसाद वितरण की शुरुआत करते विधायक प्रतिनिधि।


शुकुल बाजार में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। अमृत विचार


फुरसतगंज में भंडारे में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार


मुसाफिरखाना में भंडारे में प्रसाद वितरित करते एसडीएम अभिनव कनौजिया।


सिंहपुर कटोरवा में लगे पंडाल में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को अमेठी जिले में सैकड़ों स्थानों पर हनुमान की पूजा अर्चना कर भंडारों का आयोजन किया गया। ओवरब्रिज के पास सगुन मोटर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी गुड्डा देवी और विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण की शुरुआत की। बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक और नगर पंचायत कार्यालय के पास दुकानदारों ने भी भंडारे का आयोजन किया। गौरीगंज, मुसाफिरखाना, जगदीशपुर, मुंशीगंज, शाहगढ़ समेत अन्य कस्बों में भी श्रद्धालुओं ने सेवा दी। पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कई स्थानों पर भंडारों में भाग लेकर प्रसाद वितरित किया।

शुकुल बाजार प्रतिनिधि के अनुसार, गायत्री नगर चौराहे पर अशोक शर्मा, रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज में प्रबंधक पंडित राम उजेर शुक्ला ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, गौरीगंज पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मटियारी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, अधीक्षक डॉ. प्रदीप तिवारी, पीके तिवारी उपस्थित रहे। संत प्रसाद सूरजदीन महाविद्यालय पर संतोष तिवारी, श्रीमती दशरथ देवी महाविद्यालय पर प्रबंधक बृजेश तिवारी ने भव्य भंडारा किया।

फुरसतगंज प्रतिनिधि के अनुसार, ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को फुरसतगंज कस्बा श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना से सराबोर नजर आया। कस्बे समेत नहर कोठी, पीढ़ी रोड, रेलवे स्टेशन रोड सहित 21 स्थानों पर श्रद्धालुओं ने हनुमान की पूजा-अर्चना के साथ भंडारों का आयोजन किया। कहीं पूरी-सब्जी, कहीं छोले-चावल, तरबूज-खरबूजा, हलवा-चना तो कहीं बच्चों और राहगीरों के लिए आइसक्रीम वितरित की गई।

बैंक चौराहे पर न्यू बालाजी होटल, स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर तिराहा, काका ढाबा, नहर कोठी चौराहे से लेकर पीढ़ी रोड तक भंडारों का आयोजन हुआ। इसमें अतुल शर्मा, दिनेश शर्मा, धनंजय यादव, अनुज जायसवाल, विकास चौरसिया मौजूद रहे। न्यू बालाजी पंडाल में राजेश कुमार गुप्ता, शशि जायसवाल, दिलीप सिंह, उमेश गुप्ता आदि रहे।

मुसाफिरखाना प्रतिनिधि के अनुसार, तहसील परिसर में एसडीएम अभिनव कनौजिया व तहसीलदार राहुल सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा, नम्रता मिश्रा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष केके सिंह, अधिवक्ता गण, तहसीलकर्मी मौजूद रहे। सीएचसी परिसर में केंद्र अधीक्षक डॉ. आलोक मिश्रा के नेतृत्व में भंडारा हुआ। इसमें डॉ. केके वर्मा, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. अलीम, डॉ. रजनीश गौतम, डॉ. अजीत सिंह, रत्नेश श्रीवास्तव, बीसीपीएम राजीव पाण्डेय, हिना खान, चांदनी शाही, अरुण यादव, फार्मासिस्ट राजकरण, डी के यादव, संदीप आदि रहे।

सिंहपुर प्रतिनिधि के अनुसार, तिलोई क्षेत्र के तिलोई, फूला, कटोरवा, सिंहपुर, अहोरवा भवानी, गंगागनर, गौड़ा, दादूपुर, जुगराजपुर, राजाफत्तेपुर, आनंद नगर, चौराहा आदि जगहों पर सुंदरकांड पाठ के आयोजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जगह जगह लगे पंडालों में कहीं शरबत का वितरण हो रहा था कहीं पूड़ी-सब्जी बांटी जा रही थी।

# किसान की फावड़े से काटकर हत्या

## एसपी, एएसपी और सीओ ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, शीघ्र खुलासे के दिए निर्देश

**संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** खेत पर गए किसान की दिनदहाड़े फावड़ा से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी डॉ यशवीर सिंह ने फॉरेंसिक टीम, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा व सलोन सीओ यादवेंद्र पाल के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया व निर्देश दिए।

मामला महाराजगंज थाना इलाके के कपूरपुर मजरे जमुरावां गांव के पास का है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे हलोर ग्राम निवासी तेज बहादुर वर्मा (47) पुत्र माता प्रसाद अपने छोटे भाई प्रदीप कुमार के साथ


घटनास्थल की जांच करते एसपी डा. यशवीर सिंह। अमृत विचार

कपूरपुर गांव के पास स्थित अपने ट्यूबवेल के पास मेंथा की तैयार फसल की पेराई के लिए टंकी बैठाने गए थे। टंकी बैठाने में सहयोग के लिए कपूरपुर गांव के लवकुश और अखिलेश को भी बुला लिया। मृतक के छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि टंकी बैठाने के बाद करीब 9:30 बजे उसके भाई तेज बहादुर वर्मा ने उसे जानवरों के लिए हरा चारा लाने भेज दिया। साथ ही अन्य गांव के दोनों सहयोगी भी उसके भाई को ट्यूबवेल पर अकेला छोड़ कर चले गए। कुछ देर बाद ही खेत गईं महिलाओं ने तेजबहादुर को खून में लथपथ पड़ा देखा तो होश उड़ गए। महिलाएं चीखते चिल्लाते भागने लगी। तेज बहादुर के ट्यूबवेल से कुछ ही दूरी पर उनके पड़ोसी राम मनोहर का भी ट्यूबवेल है। महिलाओं ने उसे घटना की जानकारी दी। राममनोहर वर्मा ने हलोर प्रधान रिंकू चौधरी को सूचना दी। प्रधान ने मृतक के परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की बैरीकेडिंग करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एसपी डॉ यशवीर सिंह, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा व सीओ यादवेंद्र घटनास्थल का जायजा लिया। एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गुणवत्ता से नहीं हो कोई समझौता:जिलाधिकारी

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध हो चुकी है, उनका कार्य समयबद्ध पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए और मानक के अनुरूप ही उसका उपयोग हो। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिथिलता पाई गई तो संबंधित संस्था अथवा अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभागों को हैंडओवर कर दिया जाए। साथ ही जिन कार्यों के लिए बजट की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव समय रहते शासन को भेजे जाएं ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आशा और आशा संगिनी को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण में उपस्थित आशा संगिनी। अमृत विचार

**संवाददाता, संग्रामपुर**

**अमृत विचार।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मंगलवार को संग्रामपुर सीएचसी पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से यू विन पोर्टल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में आशा, आशा संगिनी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। यू-विन पोर्टल के माध्यम से अब टीकाकरण की ड्यू लिस्ट तैयार की जाएगी और लाभार्थियों का पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा। प्रशिक्षण में 97 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें 14 एएनएम, 79 आशाएं और 4 आशा संगिनियां थीं। बीसीसीएम दीपक शुक्ला ने सभी को पोर्टल के इस्तेमाल की जानकारी दी और प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मकसद फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मियों को डिजिटल प्रणाली में दक्ष बनाना है। कार्यक्रम में बीपीएम शंभू नाथ पांडे, बीसीपीएम तीर्थ राज यादव, एआरो संतोष कुमार, ऑपरेटर शालिनी तिवारी रहे।

# लापरवाह चिकित्सकों पर शासन सख्त पांच निलंबित, सीएचसी अधीक्षक हटे

**संवाददाता बछरावां, रायबरेली**

**अमृत विचार।** आखिरकार चिकित्सकों को लापरवाही करना भारी पड़ गया। 30 अप्रैल को औचक निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक चिकित्सा टीम द्वारा सौंपी गई बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिली तमाम खामियों की जांच के आधार पर मंगलवार को डिप्टी सीएम ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में दोष सिद्ध होने पर पांच चिकित्सकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा सीएचसी अधीक्षक को बछरावां से बलिया भेजा गया है।

गौरतलब है कि बीती 30 अप्रैल को अपर निदेशक चिकित्सा टीम बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में उन्हें तमाम खामियां मिली। निरीक्षण के समय तीमारदारों ने टीम को बताया था कि यहां के डॉक्टर का व्यवहार मरीज के साथ कुशल नहीं है। इसके अलावा सीएचसी परिसर में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर टीम काफी नाराज भी हुई थी। अपर निदेशक चिकित्सा टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट में शासन को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। टीम की जांच की पुष्टि होने पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सीएचसी बछरावां में तैनात डॉ नीलिमा आर्य, डॉ अंजू वर्मा, डॉ मनीष कुमार, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ अभिलाषा भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके अलावा सीएचसी में मरीज को बेहतर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाने के कारण अधीक्षक अनिल कुमार जैसल को यहां से हटाकर बलिया भेज दिया है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि मरीज के स्वास्थ्य उपचार में किसी भी प्रकार की हीला हवाली करते पाया गया तो संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावालंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे डॉ इंद्रभूषण जायसवाल के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के आदेश स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मुख्य सचिव को दिया है। इस संबंध में सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा ने किसी भी जानकारी होने से इनकार किया है। कहा कि अभी ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है।

# समर कैंम में प्रधानाचार्य मिले अनुपस्थित

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** मंगलवार को क्षेत्र में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी ने राजकीय इंटर कॉलेज इन्हौना और राजा फत्तेपुर के साथ राजकीय हाईस्कूल सिंहपुर और चेतरा बुजुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 21 दिवसीय समर कैंप का जायजा लिया। राजकीय इंटर कॉलेज इन्हौना में प्रधानाचार्य आशीष श्रीवास्तव नदारद मिले। कैंप में छात्रों की संख्या कम होने पर डीआईओएस ने मौजूद शिक्षक को चेतावनी दी। कैंप में निर्धारित स्वल्पाहार भी नहीं था। बच्चों से शिकायत मिलने पर डीआईओएस ने स्पष्टीकरण मांगा है। राजकीय इंटर कॉलेज राजाफत्तेपुर में व्यवस्था दुरुस्त मिली। प्रधानाचार्य विनोद पांडे को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। राजकीय हाईस्कूल सिंहपुर व चेतरा बुजुर्ग में छात्र संख्या कम मिलने पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार व राजेंद्र जायसवाल को उपस्थित बढ़ाने का निर्देश दिया।

# जाको राखे साइंया मार सकै न कोय...

**संवाददाता, रायबरेली,अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज-डलमऊ मार्ग पर सड़क के किनारे अचेत अवस्था में पड़े युवक के लिए देवदूत बनकर राहगीर ने जान बचाई। मुंशीगंज-डलमऊ मार्ग पर पेट्रोल टंकी से कुछ दूरी पर राहगीरों ने एक युवक सड़क के नीचे गड्ढे में पड़ा देखा। युवक को अचेत अवस्था में देख राहगीरों में हलचल मच गई। देखते ही देखते कुछ देर में राहगीर व स्थानीय लोगों का भी जमावड़ा लग गया। इस बीच वहां से गुजर रहे आर्मी रिटायर्ड राम बहादुर यादव ने हिम्मत जुटाते हुए युवक के पास पहुंचकर उसकी नब्ज टटोली। अनहोनी की आशंका को नजर अंदाज करते हुए रिटायर्ड फौजी ने सीपीआर देना शुरू कर दिया। युवक के जिंदा होने की आस छोड़ चुके रिटायर्ड फौजी ने पांच बार सीपीआर दिया। जिसके बाद युवक की सांस वापस आ गई। यह नजारा देख एकत्रित लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। मौजूद लोगों के मुंह से एक ही बात निकल रही थी कि जाको राखे साइयां ताको मार सके ना कोय। यह कहावत आज चरितार्थ होते हुए देखी गई। अचेत अवस्था में पड़े युवक में सीपीआर के बाद चेतना आ गई और युवक उठकर खड़ा हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन अपने लाडले को लेकर घर चले गए। एम्स में गार्ड सुपर वाइजर के पद पर कार्यरत फौजी राम बहादुर यादव ने बताया कि सड़क के किनारे शुभम यादव निवासी झकरासी को पड़ा देखा गया। युवक पूरी तरह से अचेत था। सबने आस खो दी थी। उन्होंने बताया कि एम्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। वही प्रशिक्षण आज युवक की चेतना लौटने में काम आई। चेतना लौटने पर युवक ने बताया कि उसे चक्कर आ गया था जिसके कारण वह अचेत होकर गिर पड़ा था।

## पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है साइकिल

अमेठी, अमृत विचार। मंगलवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने साइकिल रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। अमेठी विधान सभा क्षेत्र के अमेठी शहर शिवनगर से चालू होकर खेरौना अंतू रोड मंधरपट्टी, रेभा सहित कई गांव होकर अमेठी बाईपास से दुर्गापुर रोड पर शिवनगर में समाप्त हुई। सपा नेता ने कहा कि प्रतिदिन साइकिल चलाने से पर्यावरण के बचाव के साथ ही व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलती है। इस मौके पर अनिल,अरविंद,अभिषेक पाल,रमेश गौतम,राजेश वर्मा कमलेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी कर एटीएम से 47 हजार की निकासी

**सिंहपुर अमेठी अमृत विचार।** 27 मई ग्राम राजापुर निवासी साहिल खान के साथ एटीएम के माध्यम से 47,000 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक अमेठी को सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

साहिल खान के अनुसार, वह अपने चाचा मेराज खान और चाची कैसर जहाँ की अनुमति से उनके भारतीय स्टेट बैंक, शाखा अहोरवा भवानी के संयुक्त खाते से पैसे निकालने राजाफत्तेहपुर स्थित इंडिया वन एटीएम गया था। जब वह 27 मई को दोपहर लगभग 3 बजे एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश कर रहा था, तभी दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और धोखे से एटीएम कार्ड बदल दिया। थोड़ी देर बाद मेराज खान के मोबाइल पर 47,000 रुपये की निकासी का संदेश आया। पूरी घटना एटीएम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है प्रार्थी ने बैंक स्टेटमेंट और संबंधित दस्तावेजों के साथ थाना इन्हौना में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# ससुराल में युवक की मौत का प्रकरण गहराया

**रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गंगागंज स्थित बाल विद्या मंदिर स्कूल के पीछे तालाब के पास मिले शिवा गौतम पुत्र चेतराम के शव मामले में नया मोड़ आया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ग्रामीणों ने मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। साथ ही जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि डीएम ने जांच का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि शिवा अपनी ससुराल गया था, जहां पर कुछ दूरी पर ही उसका शव पड़ा मिला। मृतक कोडरा थाना महराजगंज का रहने वाला था।वहीं परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन ने पैसे का लेनदेन करके हत्या की झूठी रिपोर्ट आत्महत्या में तब्दील कर दी है। नाराज लोगों ने पहले डीएम और फिर एसपी से मिलकर पूरी बात बताई है। मृतक शिवा गौतम की बहन नयना, पिता चेतराम का आरोप है कि शिवा गौतम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ग़लत बना दी गई है। इसकी निष्पक्ष जांच हुई तो सबकुछ सामने आ जाएगा।

# युवक को तेज रफ्तार डंफर ने कुचला, मौत

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे कस्बा के शास्त्रीनगर में ब्लाक मुख्यालय के पास एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। दुर्घटना कर भाग रहे डंपर चालक को कस्बा खीरों के मुख्य चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोक कर हिरासत में ले लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने युवक को सीएचसी खीरों पहुंचाया तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। के लिए भेज दिया है।

रनापुर पहरौली निवासी दीपांशु सिंह (26) पुत्र जगत बहादुर सिंह मजदूरी करता है। मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे वह अपने ही गांव के अपने साथी शिवाकांत मिश्रा (25) पुत्र नमोशंकर मिश्रा की बाइक से दोनों लोग किसी काम से खीरों गए थे। दीपांशु सिंह बाइक चला रहा था। दीपांशु सिंह बाइक लेकर अपने साथी शिवाकांत मिश्रा के साथ सेमरी-खीरों-रायबरेली मार्ग पर कस्बा खीरों के शास्त्रीनगर में स्थित ब्लाक मुख्यालय के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर के चालक ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्टर मार दी। जिससे दीपांशु सिंह सड़क पर गिर गया और डंपर उसे कुचलता हुआ भाग गया। इससे दीपांशु सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिर भी स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना कर भाग रहे डंफर चालक को कस्बा खीरों के मुख्य चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोक कर हिरासत में ले लिया और थाने पहुंचाया। इस घटना से मृतक की मां बबली सिंह, पिता जगत बहादुर सिंह, भाई शिवम सिंह, हिमांशु सिंह, मोनू सिंह, समरजीत सिंह, मयंक सिंह, बहन नीतू सिंह, रेशम सिंह और रोशनी सिंह सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चालक सहित डंपर को हिरासत में ले लिया गया है। शिकायती पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# प्रधान ने सास, ससुर, देवर एवं देवरानी को बनाया मनरेगा श्रमिक

डलमऊ, रायबरेली ,अमृत विचार। दीन शाह गौरा के बिन्नवा ग्राम पंचायत में मनरेगा घोटाले का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान राजेश्वरी द्वारा 80 वर्षीय सास-ससुर को मनरेगा में श्रमिक के रूप में पंजीकृत किया गया है। इतना ही नहीं प्रधान की देवरानी, जो आशा कार्यकर्ता हैं, उन्हें भी मनरेगा श्रमिक बनाकर मजदूरी दी जा रही है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति समर बहादुर पंचायत का कामकाज देखते हैं। पिछले दो साल से उनके बुजुर्ग माता-पिता के खाते में मनरेगा की मजदूरी भेजी जा रही है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी और जिलाधिकारी से की है। गांव के निवासी पुष्पेंद्र मौर्य और सूरज सिंह ने कार्रवाई की मांग की है। हाल ही में एक शिक्षक को मनरेगा मजदूरी के भुगतान की शिकायत पर जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने मौके पर जांच की। उन्होंने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अरुण कुमार को फटकार लगाई। खंड विकास अधिकारी अशोक सचान के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### 47 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**संग्रामपुर अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शुकुलपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। संग्रामपुर सीएचसी की आरबीएसके टीम द्वारा लगाए गए शिविर में 47 बच्चों की जांच की गई। जांच के दौरान तीन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं। इनमें से दो बच्चों को त्वचा रोग और एक बच्चे को एनीमिया (खून की कमी) की समस्या थी। उन्हें बेहतर इलाज के लिए संग्रामपुर सीएचसी रेफर किया गया। टीम में डॉ. आरिफ इकबाल, डॉ. अनीता गौड़, तथा पैरामेडिकल स्टाफ बृजेश यादव और सरोज कुमारी शामिल रहे।

### ई-रिक्शा की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अमेठी अमृत विचार।** थाना क्षेत्र गौरीगंज के गांव अरगवां निवासी लल्लन कनौजिया (55) मंगलवार सुबह साइकिल से गौरीगंज के लिए निकले थे, तभी चौहनापुर गांव के पास ही एक अनियंत्रित ई रिक्शा पलट गया जिसकी चपेट में आकर वह दब गए। गंभीर रूप से घायल लल्लन को संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### महिलाओं से मारपीट में पूर्व प्रधान पर रिपोर्ट

**जामो अमेठी अमृत विचार।** जामों थाना क्षेत्र के डीघा गोपालपुर निवासी तिलक प्रसाद ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार सुबह वह स्नान करने जा रहे थे। इसी बीच गाँव के ही आनन्द सिंह अपने भाँजे शिवम सिंह और बहनोई तथा एक अन्य लोगों ने घर पर आकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। आवाज सुनकर बाहर आई परिजन विटाना कोरी पत्नी विन्ध्यादीन को थप्पड़ व लात-घूंसों से मारा। जब विमला पत्नी स्व0 नंगू पासी व मेरी पत्नी साधना छुडाने लगी तो उन्हें भी मारा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर पर अवैध कब्जा, भटक रहा परिवार

अमेठी अमृत विचार। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के बेहटा गांव निवासी विजय मिश्रा ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम प्रीति तिवारी और एसपी अपर्णा रजत कौशिक को शिकायती पत्र दिया है। उसका कहना है कि वह रोजगार के लिए पंजाब में रहते हैं। एक महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने उनके घर का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। आरोपी घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात भी ले गए। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर जब वह गांव पहुंचे, तो उन्होंने घर पर दबंगों को काबिज पाया। पीड़ित ने तुरंत मुंशीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने कार्रवाई करने के बजाय सुलह-समझौते का दबाव बनाया। 3 जून 2025 को पीड़ित ने गौरीगंज तहसील में एसडीएम और एसपी से मिलकर अपनी फरियाद सुनाई। अधिकारियों ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विजय मिश्रा पिछले एक महीने से न्याय के लिए प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर निर्माण का शुभारंभ

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम में मंगलवार को श्री लक्ष्मी नारायण भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। आश्रम अध्यक्ष स्वामी हरि चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नींव पूजन कराया। इसके साथ ही मंदिर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो गई है। आश्रम के सचिव स्वामी हर्ष चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने बताया कि आश्रम परिसर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का निर्माण सुनिश्चित किया गया था। इसी क्रम में आज विधिपूर्वक नींव पूजन किया गया। मंदिर पूर्ण होने के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा उत्सव और मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा।

### रिफाइंड से भरा टैंकर पलटा, चालक घायल

**जगदीशपुर अमेठी,अमृत विचार।** वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की सुबह रिफाइंड तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। टैंकर से तेल बहता देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तेल भरकर ले जाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाया।थाना कमरौली के कठौरा गांव के निकट रिफाइंड तेल से भरा टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था कि टैंकर सड़क किनारे पलट गया। इसमें टैंकर चालक रामराज (40) निवासी बहादुरपुर, हैदरगढ़ बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को सीएचसी पर भर्ती कराया है। टैंकर से तेल बहने की खबर फैलते ही आसपास के लोग लोग डिब्बा, बाल्टी, बोतल लेकर पहुंच गए तेल भरने लगे। कुछ देर में मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को हटाकर स्थिति नियंत्रित की। थानाध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि ड्राइवर को नींद का झोंका आ जाने से रिफाइंड का टैंकर सड़क के किनारे खेत में पलट गया था। पुलिस टीम मौके पर भेजकर कार्रवाई की जा रही है

### एफडीडीआई में 9 जून से समर इनोवेशन कैंप

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार।** भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन संचालित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) में 9 जून से "डिज़ाइन एक्सप्लोर : समर इनोवेशन कैंप" का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कैंप 20 जून तक चलेगा और इसमें मुख्य रूप से कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। एफडीडीआई के सुमित फर्नांडीज ने बताया कि कैंप में प्रतिभागी फुटवियर प्रोटोटाइप डिजाइन व मोबाइल फोटोग्राफी की भी जानकारी प्राप्त करेंगे। प्रदीप जॉन ने जानकारी दी कि प्रथम 15 पंजीकरण पर 500 रुपये की छूट दी जा रही है। शुरुआती 15 छात्रों के लिए शुल्क 1000 रुपये, जबकि शेष के लिए 1500 रुपये निर्धारित किया गया है।

### बकरीद को शांति व सौहार्द के साथ मनाएं

**शुकुल बाजार अमेठी अमृत विचार।** थाना परिसर में आगामी बकरीद त्योहारों को लेकर एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शुकुल बाजार थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार और नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने की। थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह के उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### बाइक के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार, जेल

**तिलोई अमेठी, अमृत विचार।** मंगलवार को मोहनगंज पुलिस ने लखनऊ से चोरी कर लाई गई दो अपाचे बाइक के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में व्यक्तियों ने अपने नाम राहुल सिंह निवासी ग्राम सुब्बा सिंह का पुरवा मजरे मिश्रौली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व सोहनलाल पासी निवासी ग्राम जमुरवा थाना मोहनगंज बताया। दोनो बाइक के कागज मांगने पर दिखा नही सके। दोनों युवकों ने बताया कि बाइकें लखनऊ से चोरी की है।

### विद्युत लाइन की मरम्मत के दौरान अधेड़ की हुई मौत

**तिलोई अमेठी, अमृत विचार।** जायस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सराय महेशा में अधेड़ की बिजली के खंभे से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना उस समय की है जब पूरे उदवत मजरे सराय महेशा में राम कुमार मौर्या (55) विद्युत लाइन की मरम्मत कर रहे थे। जायस प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही हैं।

# सब सुख लहै तुम्हारी शरणा, तुम रक्षक काहू को डर ना

## ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को जगह-जगह हुआ सुंदरकांड का पाठ, भक्तों को बांटा गया प्रसाद


दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर में पूजा अर्चना करते भक्त।


महराजगंज में आयोजित भण्डारे में प्रसाद वितरित करते एसडीएम सचिन यादव व तहसीलदार मंजुला मिश्रा।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को हनुमान भक्तों पर मौसम भी मेहरबान रहा। बदली और हवा में गर्मी न होने से आयोजकों को आसानी हुई। वहीं श्रद्धालुओं ने भी बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। जगह-जगह हनुमत भजनों की गूंज रही। कहीं हनुमान चालीसा के साथ पवन सुत का आवाहन किया गया। वहीं कहीं-कहीं सुंदरकांड के पाठ से बजरंगबली की आराधना की गई। सभी ने पवनसुत से प्रार्थना की "सब सुख लहै तुम्हारी शरणा, तुम रक्षक काहू को डर ना" से अष्टसिद्धि नौ निधि के दाता बजरंगबली से सुख समृद्धि की कामना की।

ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में भंडारे का आयोजन किया गया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सर्व समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पवनसुत को सब्जी-पूड़ी के प्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों में शिव लखन प्रजापति (प्रधानाचार्य त्रिपुला), राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू ), इंद्र विक्रम सिंह (आरकेडी एनएसपीएस तेजगांव), शिवांग अवस्थी (एनएसपीएस लालगंज), अनिल कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य एनएससीएचई), संयोजिका संचिता त्रिवेदी, रुची मिश्रा, शिवकरन पाल, अनिल मिश्रा, राजू यादव, संजय सिंह, देवेंद्र सिंह, आर एन सिंह, सीएल यादव, रितेश शर्मा, अवधेश शर्मा, महेन्द्र कुमार, कामरान, डीपी जोशी, शुभम शुक्ला, गिरीश श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

उधर, अमावां ब्लॉक के आदर्श ग्राम पंचायत डिडौली स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर में सुन्दरकांड व हवन पूजन किया गया। इसके बाद भक्तों को पूड़ी सब्जी, छोला चावल, बूंदी प्रसाद वितरित किया गया। दक्षिण मुखी हनुमान जी का मन्दिर 50 वर्ष पुराना मंदिर है, जहां भारी संख्या में हनुमान भक्त पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। इस मौके पर महेन्द्र सिंह, हरिशचंद्र सिंह, सुखदेव चौधरी, विनीत सिंह, भाजपा नेता राजकुमार सिंह, महेन्द्र सिंह, शिवमूर्ति सिंह, अमित सिंह, अभय सिंह, धीरू सिंह, शिवम सिंह, गोलू सिंह, विजय सिंह, अजीत सिंह, शिवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### बड़े मंगलवार पर एसडीएम व तहसीलदार ने बांटा प्रसाद

**महाराजगंज, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित महावीर मंदिर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता, तहसील में अधिवक्ता, उपजिलाधिकारी सचिन यादव एवं तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने हवन पूजन व सुंदरकांड पाठ किया। बछरावां मार्ग स्थित पाल ट्रेडर्स, अतरेहटा स्थित झांबेश्वर बाबा मंदिर में दिलीप मौर्य, प्राजुल दीक्षित, ऋषभ अवस्थी, सत्येंद्र सिंह, शैलेंद्र दीक्षित, प्रधान प्रतिदिन नीरज, जय नारायण दीक्षित, श्याम किशोर, भानु कोटेदार व कस्बा स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित पांडेय पुस्तक भंडार के पास अभिषेक गुप्ता, लवकुश मौर्य, हेमराज, अजय गुप्ता आदि ने पूजा-अर्चना कर भक्तों को प्रसाद बांटा। कस्बे के राम जानकी मंदिर के सामने पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक श्वेता, शिवकुमार सिंह, क्षितिज सिंह, तरुण प्रकाश रावत, सुनील यादव आदि ने भंडारे में सहयोग प्रदान किया। इसी तरह से पाली रोड स्थित आनंद बैट्री के प्रतिष्ठान के सामने शिवकुमार मौर्य, आनंद विश्वकर्मा, सूरज, योगेश, गुड्डू मिस्त्री, अमरेश, अवधेश मौर्य व कस्बा स्थित वर्मा मार्केट में कंचन वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर विमल रस्तोगी, मातादीन पासी, रिंकू जायसवाल, सच्चिदानंद आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### बड़े मंगल पर रही हनुमत के भजनों की रही गूंज

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र में चौथे बड़े मंगल पर बेहटा चौराहा स्थित प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर, तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी और तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। ब्लॉक परिसर में आयोजित भंडारे में खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, भास्कर सिंह, प्रदुम्न यादव, प्रण वीर प्रताप सिंह, डॉ. राजशेखर व स्थानीय एक होटल के सामने आयोजित भंडारे में विवेक शर्मा, नारायण, अभिषेक शर्मा सत्यम मिश्रा, आचार्य नगर में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे, शिवपुरी गेगासों में जगन्नाथ पांडे, विकेश द्विवेदी, अटल चौक गांधी चौराहे पर आरएसएस कार्यकर्ता सुशील शुक्ला, रमाशंकर बाजपेई, उमाशंकर बाजपेई, आयुष बाजपेई, तन्नू वाजपेई, देवेश अग्निहोत्री, देवी प्रसाद गुप्ता, रमेश मिश्रा, अनेक द्विवेदी, रामकुमार गुप्ता, भोंदू गुप्ता, शिवसागर चौधरी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


भक्तों को प्रसाद वितरित करते प्रबंधक शशिकांत शर्मा, मौजूद अन्य।


लालगंज में आयोजत भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद बांटा प्रसाद

**नसीराबाद, रायबरेली।** ब्लॉक छतोह मुख्यालय पर ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, छोले-चावल और बूंदी का वितरण किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, अभय तिवारी, अंकित सिंह, दीपू तिवारी, मुकेश आनन्द महाराज, पीयूष प्रताप सिंह, नरेन्द्र बहादुर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, ब्रजपाल पासवान, पंकज सिंह, अभय तिवारी, शुभम यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


सदर तहसील में आयोजित भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करती तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी।


अम्बिका दास बाबा के भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### अम्बिका दास बाबा के भण्डारे में उमड़ी भीड़

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे तिलकराम मजरे देहली स्थित सिद्धपीठ अम्बिका दास बाबा की पावन तपोस्थली पर भण्डारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालु महेंद्र दीक्षित, संदीप रावत, बबलू दिवाकर, अशोक रावत, गंगा प्रसाद पाण्डेय, रामलाल रावत, प्रमोद दिवाकर, सोनू दीक्षित, अरविंद शर्मा, राकेश वर्मा, संतराम, मिट्ठू वर्मा, देवकी वर्मा व बाबादीन रावत ने बताया कि यह आयोजन करीब 30 वर्षों से निरंतर होता चला आ रहा है और हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय जनता, युवाओं एवं भक्तों का विशेष योगदान रहा।

### जगह-जगह भक्तों ने छका प्रसाद

**सरेनी, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर जगह-जगह भण्डारे के आयोजन गया। दुधवन गांव में समाजसेवी रामेन्द्र सिंह ने सुंदरकांड के पाठ के उपरांत सभी को पूड़ी, सब्जी, बूंदी व फल का प्रसाद वितरित किया। भण्डारे में विपिन सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। सरेनी बाजार में राजू तिवारी, करन सिंह व बचई सिंह ने मिलकर चावल, पूड़ी, बूंदी व हलवे का प्रसाद बांटा। लखनापुर के शनिदेव मन्दिर में गुलगुले व पुए का प्रसाद बांटा गया। साहू ब्रिक फील्ड लखनापुर की ओर से शर्बत पिलाया गया। सरेनी में रघुवीर सिंह की ओर से छोला, चावल व बूंदी का प्रसाद बंटा। इसी तरह मुरारमऊ सुशील वर्मा व मोनू यादव ने सब्जी, पूड़ी व बूंदी का प्रसाद बंटवाया। सरेनी बाजार में गोवर्धन साहू के यहां सब्जी, चावल व बूंदी का प्रसाद बंटा। इस मौके पर प्रमोद मिश्रा, करुणा शंकर बाजपेयी, अशोक श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, हरीशंकर श्रीवास्तव, दीक्षा श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, कुसुम श्रीवास्तव, शांति श्रीवास्तव, आर्या श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, मनुज श्रीवास्तव, रोशन श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, जानवी श्रीवास्तव, नंदन श्रीवास्तव, अभिनंदन श्रीवास्तव, विहान श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### चौथे मंगलवार को हुआ सुंदरकांड का पाठ

**जगतपुर, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को जगतपुर कस्बा, शारदा सहायक नहर, भटपुरवा, पूरे पंडित का पुरवा, सिद्धौर ,लक्ष्मणपुर, विश्वनाथगंज सहित आदि जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के पाठ व हवन पूजन के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें पूड़ी, सब्जी, बूंदी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस मौके पर रिंकू यादव, संतोष कुमार, पंकज सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**रायबरेली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्काउट भवन में पोस्टर, स्लोगन, भाषण, रंगोली और निबंध लेखन की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक स्काउट भवन परिसर में होगी। इसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ ही प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं को पुरस्कृतार किया जाएगा। यह जानकारी लक्ष्मीकांत शुक्ला ने दी है।

### स्टूडियो से कैमरा, हार्ड डिक्स व लैपटॉप चोरी

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पिछ्वाड़ा में एक स्टूडियो से कैमरा, हार्ड डिक्स व लैपटॉप चोरी हो गया है ।पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। श्यामू शुक्ला निवासी बड़ी परहरी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी दुकान पिछ्वारा चौराहे पर है। वह सब्जी लेने बाजार गए थे। तभी किसी ने उनकी दुकान से कैमरा, लैपटॉप पर हार्ड डिक्स गायब कर दिया। चोरी हुई सामान की कीमत लगभग 80 हजार रुपये है। जगतपुर थानेदार अजय राय ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## व्यापारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री का किया स्वागत


नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवारी एवं महामंत्री योगेंद्र दीक्षित का स्वागत करते व्यापारी।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश का उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवारी एवं महामंत्री योगेंद्र दीक्षित का दीप पैलेस सभागार में स्वागत किया गया। जिला संरक्षक सरदार अवतार सिंह छाबड़ा, महेंद्र अग्रवाल एवं संदीप जैन ने कहा कि इस बार के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में कई उतार चढ़ाव के बाद ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से व्यापारियों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश तिवारी ने सभी व्यापारियों के लिए प्राथमिकता देने को कहा है। महामंत्री योगेंद्र दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की कोई भी समस्या अब उनकी स्वयं की समस्या मान कर निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ महामंत्री संदीप शुक्ला, महामंत्री प्रभाकर गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, शकील अहमद, शिखर श्रीवास्तव, सोनू सिंह छाबड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्युत पोल में करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत सूंची चौकी क्षेत्र के सेमरी झकरासी गांव में विगत पंद्रह दिनों के अंदर एक के बाद एक चार आकस्मिक मौतों से डर और भय का वातावरण बना हुआ है। गांव निवासी रंजीत कुमार (26) पुत्र ननउ पासी भंडारे से घर लौटा था। इसी दौरान अचानक घर के समीप लगे पोल में संदिग्ध परिस्थितियों में करंट की चपेट में आ गया। आसपास के लोग उसको गम्भीर अवस्था मे एक निजी क्लिनिक पर लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूंची चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार ने बताया कि मृतक की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसका एक बच्चा भी है। मृतक दो भाई थे। परिजनों ने पंखे से करंट लगने की बात बताई थी, जो असत्य पाई गई है। विद्युत पोल से सन्देहास्पद स्थित में करंट की चपेट में आया है। घटना की जांच की जा रही है।

## डीएम ने शहीद स्मारक स्थल के कार्यों का किया निरीक्षण


शहीद स्मारक स्थल के कार्य का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रमुख स्थलों के चल रहे सुन्दरीकरण कार्य के अंतर्गत मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की गुणवत्ता को देखने के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।इस दौरान स्मारक स्थल के भीतरी एवं बाहरी भाग का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारी को शहीद स्मारक स्थल के दोनों भाग में बेहतर साफ-सफाई के अलावा समस्त परिसर का रंग-रोगन, बिजली, पानी आदि के बारे में उचित दिशा-निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने इसके अलावा सांस्कृतिक आयोजनों के अवसर पर संभावित भीड़भाड़ को देखते हुए वाहनों की पार्किंग, सुचारू यातायात, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संदर्भ में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, प्रभारी पर्यटन अधिकारी सुरेश गिरी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**रायबरेली,अमृत विचार।** कोर्ट ने नगर कोतवाली क्षेत्र से जुड़े किशोरी से दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित पॉक्सो कोर्ट प्रथम के विशेष न्यायाधीश रामनेत ने सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) बब्बन कुमार त्रिपाठी के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता के चाचा ने कोतवाली नगर में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी 15 जून 2016 को दिन में करीब दो बजे ड्यूटी से लौटा तब उसकी 17 वर्षीया भतीजी घर पर नहीं मिली। कोई उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। विवेचना के बाद पुलिस ने दिवाकर सिंह के खिलाफ एससीएसटी एक्ट,अपहरण, दुष्कर्म आदि की धाराओं एवं राजेंद्र यादव व कुलदीप कुमार यादव के खिलाफ एससीएसटी एक्ट व अपहरण के आरोप में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्षों को की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त दिवाकर सिंह को एससीएसटी एक्ट व दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में शेष दो आरोपियों राजेंद्र व कुलदीप कुमार को बरी कर दिया।

**पॉक्सो कोर्ट ने 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया**

### अराजकतत्वों पर रहेगी निगरानी, शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं बकरीद


पीस कमेटी की बैठक करते उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र में बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि बकरीद को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए और किसी भी प्रकार की अफवाहों या विवाद से बचा जाए। प्रशासन का सहयोग करने और सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझकर करने की अपील की गई। साथ ही कुर्बानी के दौरान बचे अवशेषों को मिट्टी में दबाने की बात कही गई। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि नमाज मस्जिद या ईदगाह कैंपस के अंदर ही होगी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रविंद तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह सेंगर, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी , सुशील गुप्ता, सुनील मिश्रा, मोहम्मद असलम, मोहम्मद शफीक पप्पू, मौलाना शाहिद रजा, पप्पू सभासद आदि मौजूद रहे।

### ऐहार के दो लोगों को भेंट किया मानस पाठ

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** ऐहार निवासी वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा नेता चंदन त्रिवेदी लगातार धार्मिक कार्यों का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को रामचरितमानस भेंट कर रहे हैं। चंदन त्रिवेदी ने जेठ के बड़े मंगल के पावन अवसर पर गोविंद अवस्थी के दरवाजे पर स्थित शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। वहीं पर अनुज अवस्थी उर्फ गोविंद और उत्तम मिश्रा को रामचरितमानस भेंट किया। इस अवसर पर गोविंद अवस्थी, अशोक बाजपेई, झिलमिल जी महाराज, विनय त्रिवेदी, संजू शुक्ला, जीतेन्द्र त्रिपाठी, आयुष पांडे, उमेश सिंह, आयुष त्रिवेदी, राजा शुक्ला, प्रेम शंकर शुक्ला, वीरेंद्र त्रिपाठी ,राजेश मिश्रा, राहुल निर्मल, सरवन सैनी, प्रशांत पांडे, संतोष शुक्ला, रंजन शुक्ला आदि लोग मौजुद रहे।

### थानाध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे नगर पंचायत अध्यक्ष

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार।** तो साहब क्या नसीराबाद थाना बना दलालों का अड्डा। नगर पंचायत अध्यक्ष नसीराबाद मो. अली ने थानाध्यक्ष नसीराबाद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों के साथ मोर्चा खोल दिया। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत में हो रहें सरकारी जमीनों पर कब्जों और अतिक्रमण के सम्बन्ध में अनेकों बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती हैं। सार्वजनिक रास्ते में बांधे जा रहे जानवरों को हटवाएं जानें और सरकारी जमीनों पर किए जा रहे अवैध कब्जे को रोकने के लिए कहे जाने पर थानाध्यक्ष द्वारा कहा जाता हैं कि हर मामले को व्यक्तिगत ना लिया करो। थाना परिसर में आरओ प्लांट से मोटर, बैट्री, केबल बार-बार चोरी हो जाती हैं।हमेशा हिस्ट्रीशीटरो और दलालों का थाना परिसर में जमावड़ा लगा रहता हैं। उन्हीं लोगों के कहने पर सही गलत का निर्णय किया जाता हैं। नगर पंचायत में नाली में निर्माण कार्य किया जा रहा था। कुछ लोगों के दखल देने पर सूचना दी गई, लेकिन कोई पुलिस कर्मी नहीं आया। एसडीएम सलोन चन्द्र प्रकाश ने मौके पर पहुंच कर हो रहे निर्माण को रोकवाया।

## शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख ने हॉस्पिटल का किया उद्घाटन


हॉस्पिटल का फीता काटकर शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह।

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के भवानीगढ़-बेड़ारु सम्पर्क मार्ग पर स्थित बरजोरखेड़ा मोड़ के समीप एक नई स्वास्थ्य सेवा की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है। यहां मंगलवार को श्रीधर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारम्भ शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया और अस्पताल परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहाकि अब इलाज के लिए मरीजों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। श्रीधर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन हमारे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की हमेशा से कमी रही है। ऐसे में एक ही छत के नीचे जब ओपीडी, इमरजेंसी, महिला चिकित्सक, जांच सुविधाएं और जनरल वार्ड जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी, जिसका क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। सबसे सराहनीय बात यह है कि अस्पताल द्वारा कई सेवाएं निःशुल्क दी जाएंगी जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार लाभान्वित होंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के निजी प्रयासों से स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार सम्भव है। उन्होंने अस्पताल के एमडी पंकज वर्मा को बधाई दी और अस्पताल की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। एमडी पंकज वर्मा ने बताया कि अस्पताल में जनरल ओपीडी निःशुल्क है। ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी निःशुल्क की जा रही है।

## पूर्व चेयरमैन, बेटे और बहू पर 5.84 लाख धोखाधड़ी का मुकदमा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर ऊंचाहार कस्बा की एक महिला के साथ ऊंचाहार के पूर्व चेयरमैन और उनके बेटे-बहू ने पांच लाख 84 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है। यह लेनदेन करीब दो साल पहले हुआ था। इसमें पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज किया है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला खराउवा कुआं निवासिनी सायना बेगम का आरोप है कि ऊंचाहार नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन मो सल्लन, उनके बेटे आजाद और उनकी बहू रीता सिंह ने करीब दो साल पहले उसको जमीन खरीद कर प्लाटिंग करके रुपये दोगुना करने या जमीन देने का झांसा देकर उससे दो लाख 24 हजार रुपये नगद और तीन लाख 60 हजार रुपये आरटीजीएस द्वारा लिए थे। महिला का कहना है कि उन लोगों ने ना तो कोई जमीन खरीदी, ना ही उसको कोई जमीन दी। काफी इंतजार के बाद जब उसने अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया तो उन लोगों ने पहले टालमटोल किया। उसके बाद उन्हें धमकाने लगे। इस बीच कुछ लोगों की मध्यस्थता से एक सुलहनामा भी हुआ था, किंतु इस सुलहनामा को भी उन लोगों ने नहीं माना। अपने पैसे के लिए परेशान महिला लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटती रही। अंततः पुलिस ने मंगलवार को मामले में सभी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा लिखा है। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि मामले में केस दर्ज करके विवेचना की जा रही है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## अधीक्षक ने पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शिवगढ़, रायबरेली


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ. प्रेमशरण का जन्मदिन मनाते स्वास्थ्यकर्मी

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ. प्रेमशरण ने अपने जन्मदिन पर अनूठी मिसाल पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल की। उन्होंने सोमवार को सीएचसी परिसर में वृक्षारोपण कर न केवल पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई, बल्कि समाज को भी हरियाली और स्वच्छता का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरण ने केक काटकर साथी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को खिलाकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। कहा कि वातावरण को शुद्ध और संतुलित बनाए रखने में वृक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज हमने जो पौधा लगाया है, वह भविष्य में अनेक लोगों को छाया, ऑक्सीजन और जीवन देगा। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन या किसी भी विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारा छोटा-सा योगदान हो सकता है। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. अनिल कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट अनुराग तिवारी, फार्मासिस्ट प्रमोद पाण्डेय, अनुपम शुक्ला, एएनएम रश्मि रावत, परी, प्रिंस, जसवीर, विमला चतुर्वेदी, स्टाफ नर्स दीपिका, सरोज, बीपीएम सपना सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण को संरक्षित रखने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जयराम यादव ने कहा कि यह पहल न केवल स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक रही, बल्कि आमजन के लिए भी यह संदेश लेकर आई कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने चाहिए।

